हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 29 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 26.3 डिग्री
न्यूनतम 2.4 डिग्री

11 उपचारात्मक शिक्षण कार्य पर ध्यान केंद्रित ...



12 विभागों के अध्यक्षों को समाधान शिविर में मौजूद ...



## शहर में आज

- लघुसचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- लाढ़ौत रोड पर बिजली निगम द्वारा केबल बदलने का कार्य।

## खबर संक्षेप

### दुकान से नगदी चोरी के मामले में आरोपी धरा

**रोहतक।** पुलिस ने दुकान से नगदी चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि गांव बालंद निवासी मनोज की शिकायत के आधार पर शिवाजी कॉलोनी थाना में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि मनोज ने नई अनाज मंडी में दुकान कर रखी है। 23 जनवरी की रात को मनोज अपने दुकान के काउंटर के गल्ले में करीब तीन लाख रुपये रखकर अपने घर चला गया।

### कार्यालय से बिजली के उपकरण चोरी

**सांपला।** सांपला एसडीओ कार्यालय से अज्ञात व्यक्ति रात को हजारों रुपए के बिजली उपकरण चोरी कर ले गए। पुलिस ने विधुत निगम के एसडीओ के बयान पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बताया गया कि एसडीओ कार्यालय के नंबर 7 में जेई संदीप कुमार का रुम है। उन्होंने अपने रुम में जरूरी मीटर बॉक्स, केबल अन्य बिजली के उपकरण रखे हुए थे। मंगलवार की सुबह जब देखा तो उसके कमरे से काफी सामान गायब मिला। चोरों ने करीब 65000 का सामान चोरी किया। हालांकि निगम द्वारा रात का चौकीदार रखा हुआ है।

### नशीले पदार्थ की सप्लाई के मामले में तीसरा काबू

**रोहतक।** सीआईए-1 की टीम ने गत दिनों सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गाड़ी सवार युवक को नशीले पदार्थ सहित काबू किया गया था। गाड़ी से 360 किलो 900 ग्राम डोडा चुरापोस्त बरामद हुआ था। डोडा चूरा पोस्त की सप्लाई करने वाले तीसरे आरोपी को गिरफ़्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 21 मई 2024 को 152 डी हाइवे पुल के नीचे से बिना नंबर की टाटा गाड़ी में सवार तौसीफ अहमद, निवासी नूर खॉ बगनाह मोहरा जिला बारामूला, जम्मू कश्मीर को काबू किया गया था।

### हर घर हर गृहणी योजना के बारे में जागरूक करें

**रोहतक।** हर घर हर गृहणी अंत्योदय परिवारों की महिलाओं के लिए एक बहुत महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के बारे में लोगों को जागरूक करें। ताकि एक भी पात्र महिला एवं स्वास्थ्य सही समय से हो सकें। शहीद इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई हर घर- हर ग्रहणी योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जीवन में बडा बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण योजना है।

### युवक पर रेस्टोरेंट में घुसकर डंडों से हमला

**रोहतक।** भिवानी चुंगी स्थित एक युवक पर रेस्टोरेंट में घुसकर लाठी डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान युवकों ने युवक का सिर फोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। शिवाजी कॉलोनी पुलिस को दी शिकातय में पीड़ति रोहित ने बताया कि भिवानी चुंगी पर रोज रेस्टोरेंट है और उसके साथ राहुल निवसी इंदिरा कॉलोनी का 3 स्टार पीजी है।

# पीजीआई के डॉक्टर्स ने 8 किलो का ओवेरियन ट्यूमर निकाल दिया महिला को नया जीवनदान

## स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की सीनियर प्रोफेसर डॉ. सविता सिंघल व उनकी टीम ने किया सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विभाग की सीनियर प्रोफेसर डॉ सविता सिंघल व उनकी टीम ने एक महिला के 8 किलोग्राम ओवेरियन ट्यूमर को निकाल कर उसे नया जीवनदान प्रदान करने का कार्य किया है। स्त्री एवं प्रसूत्री रोग विभाग एवं निश्चेन विभाग के चिकित्सकों को कुलपति डॉ एचके अग्रवाल, निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल व चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंदन मित्तल ने बधाई देते हुए कहा कि डॉ सविता की टीम ने इस महिला को नई जिंदगी देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह उनकी विशेषज्ञता और समर्पण का एक उदाहरण है जिसके लिए वें समस्त चिकित्सकों की टीम को बधाई देते हैं।



रोहतक। पीजीआईएमएस में 8 किलों का ओवेरियन ट्यूमर निकालने वाली टीम। फोटो : हरिभूमि

### भारीपन की थी शिकायत

महिला के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए डॉ सविता सिंघल ने बताया कि उनके पास एक करीब 50 वर्षीय जींद की रहने वाली महिला पेट में भारी पन की समस्या को लेकर पहुंची थी। महिला ने बताया था कि वह पिछले करीब 1 साल से पेट में भारी पन की समस्या से पीड़ित है और उसने बाहर प्राइवेट अस्पताल में भी दिखाया था जहां पर आराम न मिलने के चलते जींद सरकारी अस्पताल में दिखाया जहां उसे पीजीआईएमएस रेफर किया गया।

डॉ सविता सिंघल ने बताया कि महिला के अल्ट्रासाउंड की जांच की गई तो बड़ी ही हैरानी वाली बात सामने आई की महिला को बहुत बड़ा ओवेरियन ट्यूमर है जिस पर महिला की आगामी जांच करवाते हुए जल्द से जल्द सर्जरी करने का प्लान बनाया गया ताकि महिला की जान को खतरा ना हो।

### तीन घंटे चला ऑपरेशन

डॉ डॉक्टर सविता ने कहा कि महिला का करीब तीन घंटे सफल ऑपरेशन चलने के बाद वे 8 किलो का ट्यूमर निकालने में कामयाब रहे, जिसका साइज करीब 42 और 40 सेंटीमीटर था। डॉ मोनिका दलाल ने बताया कि उन्होंने पहली बार इतना बड़ा ट्यूमर देखा है।

### ये रहे टीम में शामिल

डॉ सविता सिंघल ने बताया कि उनके साथ ऑपरेशन में उनके विभाग की डॉक्टर मोनिका दलाल, डॉक्टर शिखा मदान और डॉक्टर प्रेरणा उपस्थिति रही। वहीं एनेस्थीसिया विभाग से डाक्टर सुरेश सिघल की निगरॉनी मे डा रेणु बाला और डॉ मयूरी ने भी अहम भूमिका निभाई क्योंकि महिला का ऑपरेशन के समय बीपी कम हो रहा था और धड़कन भी ऊपर नीचे हो रही थी जिन्होंने अपने अनुभव से यह सफल ऑपरेशन करवाने में भरपूर सहयोग दिया। महिला अब स्वास्थ्य लाभ ले रही है और करीब एक सप्ताह के अंदर उसे डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

### पीजीआई में है आधुनिक मशीनें

डॉ सविता सिंघल ने बताया कि पीजीआईएमएस में इस प्रकार की बीमारी के इलाज की सभी अत्याधुनिक मशीन उपलब्ध हैं जिसके लिए वे कुलपति डॉ एच के अग्रवाल, निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल व चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंदन मित्तल का तहे दिल से धन्यवाद व्यक्त करती हैं। इस अवसर पर डॉ मोनिका दलाल, डॉक्टर शिखा मदान,डॉ प्रेरणा, एनेस्थीसिया विभाग से डॉक्टर रेणु बाला ,डॉक्टर मयूरी भी उपस्थित रहीं।

### ये लक्षण मिले तो डॉक्टर से मिलें

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की सीनियर प्रोफेसर डॉ. सविता सिंघल ने 45 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं से आग्रह किया कि यदि किसी को पेट में अफारा बनता हो, भारीपन रहता हो, बिना वजह उल्टी आती हो, कब्ज की समस्या रहती हो, पैरों में सूजन आदि लक्षण मेनोपॉज के टाइम पर नजर आते हैं तो उन्हें जल्द से जल्द किसी अच्छी स्त्री रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए क्योंकि समय पर इस प्रकार के ट्यूमर का इलाज नहीं करवाया जाता तो वह कैंसर का भी रूप धारण कर सकता है जिससे मरीज की जान का जोखिम हो जाता है।

## लोगों के कंठ सूखे: रैनकपुरा में बूस्टर निर्माण की कई साल से मांग

# सलारा मोहल्ला व फतेहपुरी कॉलोनी में पानी नहीं आने से सड़कों पर उतरे लोग

- कई साल से चली आ रही समस्या, नहीं हो रही सुनवाई
- पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझा बुझा कर भेजा घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सलारा मोहल्ला व फतेहपुरी कॉलोनी निवासियों को पिछले कई साल से पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा। उन्हें पानी बाहर से खरीद कर पीना पड़ रहा है। इसी समस्या के चलते लोग मंगलवार को सल्लारा मोहल्ला चौकी के पास सड़क पर उतर आए। वहां पर जाम लगाने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें समझा बुझा कर जाम लगाने से रोक दिया। लोग सड़क किनारे खड़े होकर रोष जताते रहे। मौके पर भी किसी भी अधिकारी के न पहुंचने से उन्हें मायूस ही लौटना पड़ा है। उन्होंने पानी से संबंधित शिकायत जनस्वास्थ्य विभाग को शिकायत भी की हुई है, लेकिन अधिकारी सुनवाई ही नहीं कर रहे, जिससे समस्या बढ़ती जा रही है।

लोगों का कहना है कि रैनकपुरा में बूस्टर नहीं होने की वजह से आसपास के एरिया में पानी की दिक्कत चल रही है। मोहल्ला निवासी, बाला देवी, पूनम, चमेली, अमृती, फूलो, रमना देवी, पुष्कर समेत अन्य महिलाओं ने बताया कि वह विभाग को कई बार इस बारे में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान न होने और समस्या बढ़ने के कारण ही सड़क पर जाम लगाने का फैसला लिया गया। विभाग द्वारा टैंकरों के माध्यम से भी घरों में पानी नहीं पहुंचाया जा रहा है।

लोगों को दूर दराज लगे नलकूपों से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मोहल्ले में पानी के टैंकर तक नहीं भेजे जा रहे हैं। इससे मोहल्ले में समस्या ज्यादा बढ़ चुकी है। उन्होंने बताया कि सर्दी के मौसम में भी लोगों को सिर पर पानी लाना पड़ा रहा है। ऐसे में लोगों का जीना मुश्किल हो चुका है।

सड़क पर जाम लगाए मोहल्ले के लोग









### नहर में पानी के बावजूद भी यह हालात

शहर से गुजरने वाली भालौठ सब ब्रांच नहर में पिछले काफी दिनों से पानी आया हुआ है। नहर में पानी होने के बाद भी यह हालात बने हुए हैं। अगर जलघरों में पानी नहीं है तो नहर से पानी को लिफ्ट भी किया जा सकता है। लेकिन विभाग की लापरवाई के कारण आमजन को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बार-बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।

### बूस्टर न होने की वजह से आ रही दिक्कत

लोगों का कहना है कि रैनकपुरा में बूस्टर नहीं होने की वजह से आसपास के एरिया में पानी की दिक्कत चल रही है। कई दिनों पहले जींद रोड पर लोगों ने जाम लगाया था। इसके बाद भी बूस्टर निर्माण की मांग की गई। अब उपायुक्त ने जन स्वास्थ्य विभाग को आदेश जारी किए हैं कि वे बूस्टर का निर्माण कार्य जल्द करवाएं ताकि आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

### मामला मेरे संज्ञान में नहीं

मेरे संज्ञान में इस तरह का मामला नहीं है। अगर इस तरह की समस्या हमारे सामने आई है तो उसका समाधान भी कर दिया होगा। रैनकपुरा बूस्टर के लिए भी जल्द एस्टीमेट तैयार करवाया जाएगा। तब तक पानी की टैंकर नियमित सप्लाई किएं जाएंगे। आमजन को पानी के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

-**रोहित कुमार**, कार्यकारी अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

### समाधान न मिला तो करेंगे विभाग का घेराव

मोहल्ले के लोगों ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर पानी की सप्लाई का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वह जनस्वास्थ्य विभाग का घेराव करने पर मजबूर होंगे। क्योंकि बार-बार शिकायत के बाद भी समस्या की सुनवाई नहीं की जा रही है। ऐसे में हालात बिगड़ते जा रहे हैं।



महम। मदीना में पंडित ओमप्रकाश शर्मा के रस्म पगड़ी कार्यक्रम में भाग लेते पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने किया समाजसेवी पंडित ओमप्रकाश की प्रतिमा का अनावरण

**महम।** पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा ने मंगलवार को मदीना गांव में समाजसेवी पंडित ओमप्रकाश की प्रतिमा का अनावरण किया। पंडित ओमप्रकाश मंदीना गांव की सरपंच अंजू देवी के ससुर थे और वे समाजसेवी राजा शर्मा के पिता थे। 12 जनवरी को उनका निधन हो गया था। मंगलवार को उनकी सत्रहवीं के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस समारोह में प्रदेशभर से कई नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न विभागों के अधिकारी पहुंचे। पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कुम्भ में स्नान करना आस्था है। हरियाणा सरकार लोगों को कुम्भ स्नान में काफी मदद कर रही है। प्रदेश में जल्द ही सीईटी की परीक्षा करवाई जाएगी। कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के लोगों की भलाई के लिए काम कर रही है।उन्होंने बताया कि किसान महिला बुजुर्गों आदि के लिए लिए सरकार की तरफ से बड़ी बड़ी सौगात दी गई हैं।

# विभिन्न मामलों में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने विभिन्न मामलों में डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। महम नगर पालिका की भूमि से अनाधिकृत कब्जे हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए महम में तैनात पंचायतीराज विभाग के एसडीओ गिरिश बत्तरा को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है। चौथे आदेश के तहत महम तहसील के भैणी चंद्रपाल में दूषित जल की ड्रेनेज के लिए गड्ढा खोदने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए महम के नायब तहसीलदार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जारी आदेशों के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा डयूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे। डयूटी मजिस्ट्रेट भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रदान की गई।

### सोनीपत रोड बोहर पुल के पास पकड़ा

# युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित काबू किया गया है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि रोहतक-सोनीपत रोड बोहर पुल के पास खड़े युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान शंकर निवासी गांव खिड़वाली के रुप में हुई। युवक के पास से एक पिस्तौल व दो रौंद बरामद हुआ है। युवक के खिलाफ थाना अर्बन एस्टेट में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ सदर थाना में हत्या की धारा के तहत मामला दर्ज है। जांच के दौरान 28 जनवरी 2024 को आरोपी शुभम निवासी भैसवाल कलां जिला सोनीपत को गिरफ़्तार किया गया है।



आरोपित पुलिस की गिरफ्त में

आरोपी शुभम ने शंकर को अवैध हथियार सप्लाई किया था। दोनों आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत भेजा गया है।

**पहल** | महारानी किशोरी कॉलेज में छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया

# सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात पुलिस ने वाहनों पर लगाई रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप

*वाहन चालक सड़क पर पेंट की गई लाइन को गाइड के रूप में उपयोग करते हुए वाहन चलाएं*


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात पुलिस द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाई जा रही है। सर्दियों के मौसम को मद्देनजर रखते हुए सड़कों पर होने वाले वाहन हादसों को रोकने और हादसों के दौरान होने वाले जानमाल के नुकसान को बचाने के लिए प्रभारी यातायात के नेतृत्व में वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों बारे जागरूक किया गया। साथ ही यातायात टीम के एएसआई राजेश कुमार ने महारानी किशोरी कॉलेज में छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि सड़क हमारे जीवन का हिस्सा है और प्रत्येक मौसम में किसी भी हालात में समाज के अंदर रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन सड़क का प्रयोग करता है लेकिन सड़क जब हमारे लिए कालक्षेत्र बन जाए तो यह बेहद दुःखद विषय है। यातायात पुलिस द्वारा गन्नों से भरी आने वाली ट्रैक्टर ट्रॉली व ट्रक पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर कर उन्हें जागरूक किया गया है। जिले में मौजूद ट्रैफिक पुलिस की यूनिट अपने-अपने एरिया क्षेत्र में मौजूद कमर्शियल वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने तथा धुंध के दौरान वाहन चलाते समय सक्रियता बरतते हुए यातायात के सभी नियमों का पालन करवाने बाबत वाहन चालकों को जागरूक किया गया। उन्हें बताया जा रहा है कि धुंध-कोहरे के मौसम में वाहन चालक यह सुनिश्चित करें कि वाहनों की हेड लाइट, टेल लाइट, फॉग लाइट सहित इंडिकेटर, ब्रेक, टायर, विंडस्क्रीन वाइपर, बैटरी व कार हीटिंग सिस्टम सही तरीके से काम कर रहे हैं। धुंध के दौरान यात्रा करते समय वाहन चालक लो-बीम हेड लाइट का इस्तेमाल करें। इंडिकेटरस को भी ऑन रखें। कोहरे के कारण दृश्यता न्यून हो तो ऐसी स्थिति में फॉग लाइट को उपयोग अवश्य करें। वाहन चालक सड़क पर पेंट की गई लाइन को गाइड के रूप में उपयोग करते हुए वाहन चलाएं।






रोहतक। ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रिफ्लेक्टर टेप लगाते ट्रैफिक पुलिस व महारानी किशोरी कॉलेज में यातायात नियमों बारे जागरूक करते ट्रैफिक पुलिस अधिकारी।




# जापान में चमकी 'लापता लेडीज'

**नई दिल्ली।** किरण राव निर्देशित और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म 'लापता लेडीज' अपनी रिलीज के बाद से ही लोगों का दिल जीत रही है। और अब, इस फिल्म को जापान अकादमी फिल्म पुरस्कार 2024 के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फिल्म के विजेता की घोषणा 14 मार्च को पुरस्कार समारोह के दौरान की जाएगी। 'लापता लेडीज' के अलावा इस श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने वाली अन्य फिल्मों में क्रिस्टोफर नोलन की 'ओपेनहाइमर', योर्गोस लैंथिमोस की 'पुअर थिंग्स', जोनाथन ग्लेजर की 'द जोन ऑफ इंटरेस्ट' और एलेक्स गारलैंड की 'सिविल वॉर' शामिल हैं।

लाइफ Style

# श्रुति

## अभिनेत्री के साथ बेहतरीन सिंगर भी



श्रुति हासन अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। श्रुति हासन का पूरा नाम श्रुति राजलक्ष्मी हासन है। श्रुति का जन्म 28 जनवरी 1986 को तमिलनाडु में हुआ। श्रुति ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत बॉलीवुड फिल्म 'लक' से की थी।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बिल्कुल भी नहीं चली और इसके बाद श्रुति ने अपना रुख साउथ की फिल्मों की ओर कर लिया। वैसे श्रुति अभिनेत्री होने के साथ ही बेहतरीन सिंगर भी हैं। कमल और सारिका ने साल 1988 में शादी की थी। कथित तौर पर श्रुति का जन्म उनकी शादी से दो साल पहले ही हो चुका था। कमल और सारिका शादी से पहले लिव-इन में रहते थे। श्रुति की पहली फीचर फिल्म में उपस्थिति एक बाल कलाकार के रूप में थी, जिसमें उन्होंने अपने पिता कमल हासन की तमिल-हिंदी द्विभाषी फिल्म हे राम में वल्लभभाई पटेल की बेटी की छोटी सी भूमिका निभाई थी। साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार कमल हासन की बेटी और अभिनेत्री श्रुति हासन ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने माता-पिता के तलाक के बारे में बात की थी। कथित तौर पर उन्होंने बताया कि जिस वक्त उनका तलाक हुआ था, वह समय पूरे परिवार के लिए बहुत मुश्किलों भरा था। 20 साल शादी के बाद जब दोनों अलग हुए तो श्रुति ने कहा कि तलाक लेने का फैसला केवल बच्चों के ही लिए नहीं, बल्कि पेरेंट्स के लिए भी बेकार होता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रुति ने एक इंटरव्यू में कहा था कि पेरेंट्स के तलाक के बाद ही उन्हें आत्मनिर्भर का मतलब समझ आया।

हॉलीवुड मसाला




# 'द शैडोज एज' की शूटिंग पूरी

**लॉस एंजिल्स।** एक्शन स्टार जैकी चैन ने अपनी आगामी एक्शन-थ्रिलर फिल्म द शैडोज एज की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म में उनके साथ साउथ कोरियाई बैंड सेवेंटीन के सदस्य जून भी नजर आएंगे। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म का निर्देशन लैरी यांग ने किया है। इससे पहले वह साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म राइड ऑन बना चुके हैं। इस फिल्म में झांग जी फेंग, टोनी लेउंग का-फई और अन्य कलाकार भी हैं।



# इंटरस्टेलर का भारत में दिख रहा जबर्दस्त क्रेज

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म इंटरस्टेलर भारत में एक बार फिर से रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म 7 फरवरी को सीमित समय के लिए बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। इसकी वापसी को लेकर दर्शकों में जबर्दस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब तक फिल्म के एक लाख से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं और यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। फिल्म के निर्माताओं ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'एक लाख+ टिकट बिक चुके हैं और गिनती जारी है! अंतरिक्ष और समय के सफर की यात्रा जारी है।' इंटरस्टेलर की कहानी उस भविष्य के समय पर आधारित है जब पृथ्वी इंसानों के रहने के लिए अयोग्य हो जाती है।



# कॉपीराइट विवाद में बड़ा झटका...


**मुंबई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने अभिनेत्री नयनतारा के खिलाफ धनुष के कॉपीराइट मुकदमे को खारिज करने की नेटफ्लिक्स इंडिया की याचिका को खारिज कर दिया है। यह मुकदमा धनुष द्वारा निर्मित तीन सेकंड की फिल्म क्लिप को नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री में उनकी सहमति के बिना इस्तेमाल करने से शुरू हुआ है। पिछले साल नवंबर में धनुष ने नयनतारा, उनके पति विग्नेश शिवन और उनके प्रोडक्शन हाउस राउडी पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ दीवानी मुकदमा दायर किया था। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि फिल्म निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स ओरिजिनल नयनतारा: बियॉन्ड द फेयरी टेल में धनुष की फिल्म 'नानुम राउडी धान' के दृश्यों का इस्तेमाल किया है।




# 'छावा' रूस में भी होगी रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म 'छावा' को अब भारत के अलावा कथित तौर पर रूस में भी रिलीज किया जा रहा है। इस फिल्म को बड़े पैमाने पर रूस में रिलीज किया जाएगा। इस रिलीज को और भी रोमांचक बनाने वाली बात यह है कि देश में रिलीज होने वाली कई अन्य भारतीय फिल्मों के विपरीत, छावा भारत और रूस दोनों में एक साथ रिलीज होगी। इसकी एक साथ रिलीज ने दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर दिया है, और यह देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म रूस में कैसा प्रदर्शन करती है। विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की फिल्म का निर्माण मैडॉक फिल्म्स द्वारा किया गया है, जबकि यश राज फिल्म्स इसके अंतर्राष्ट्रीय वितरण का काम संभालेगी। फिल्म का साउंडट्रैक एल्बम एआर रहमान ने तैयार किया है, जबकि गाने इरशाद कामिल द्वारा लिखे गए हैं।

टीवी मसाला



# अनुपमा में आया हाई वोल्टेज सास-बहू ड्रामा

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा के अपकमिंग एपिसोड का प्रोमो वीडियो मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। सीरियल के बुधवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अनुपमा और उसका पूरा परिवार जब पहली बार कोठारी निवास पहुंचा होगा, तब राही को आरती करनी होगी। अनुपमा बड़ी चालाकी से अपनी बेटी को आरती और पूजा के स्टेप बताती जाएगी और वह एक-एक करके सब कुछ कर लेगी। सभी लोग राही से बहुत प्रभावित होंगे। लेकिन फिर जब सभी साथ में बैठे होंगे तब नाश्ते के दौरान शुरू हो जाएगा इशारों-इशारों में अपने अंदर का जहर उगलने का सिलसिला। सबसे पहले पराग कोठारी तलाक की बात छेड़ेगा। वह इशारों-इशारों में अपने बेटे प्रेम को यह बताना चाह रहा होगा कि वह अभी भी चाहे तो राही और इस फटीचर परिवार से मुक्ति पा सकता है। साथ ही साथ उसका इशारा अनुपमा की ओर भी होगा कि वह ऐसा ना समझे कि प्रेम की क्योंकि उससे घर में शादी हो गई है तो व्रह जो मर्जी चाहे कर सकती है। पराग कोठारी और उसके परिवार के पास हमेशा ही उनके बेटे का तलाक करवाने के बाद अनुपमा के परिवार से अलग होने का विकल्प उपलब्ध है। बात आगे बढ़ेगी और मोटी बा शादी के बाद बहू को कैसे रहना चाहिए, इस बारे में ज्ञान देना शुरू कर देगी। वह बताएगी कि लड़कियों को लड़कियों की तरह रहना चाहिए।

## कशिश ने वीडियो शेयर कर मांगी माफी

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 18' की कंटेस्टेंट कशिश कपूर ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में कशिश माफी मांगती नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं, कशिश ने वीडियो में 'बिग बॉस 18' के फिनाले और शो के विनर पर अपने थॉट्स भी शेयर किए हैं। कशिश ने वीडियो में कहा, 'रजत दलाल का तीसरे नंबर पर एविक्ट होना बहुत शॉकिंग था पर ठीक है। अब जिसके तकदीर में जो लिखा है उसे वो मिला। हम तकदीर बदल नहीं सकते तो हमें जो भी रिजल्ट आया उसे एक्सेप्ट कर लेना चाहिए।' कशिश ने आगे कहा, 'विवियन दूसरे नंबर पर था। उसको मैं बहुत सारी बधाई देना चाहती हूं। करण शो जीत गया। मैं करण को पर्सनली पसंद नहीं करती हूं पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, अगर कोई जीतता है तो हमें उसकी रिस्पेक्ट करनी चाहिए। कशिश ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, 'मेरी बिग बॉस की जर्नी जैसी भी थी अच्छी थी। हां, मुझे पता है मेरी बहुत सारी चीजें आपको बिल्कुल पसंद नहीं आई होंगी। मैंने बहुत बकवास की होगी बहुत जगह और उसके लिए मैं काफी शर्मिंदा हूं।



# पहनी राम जन्मभूमि वॉच घड़ी में दिखे भगवान..

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन के लेटेस्ट पोस्ट में उनके हाथ पर बंधी घड़ी ने सबका ध्यान खींचा है। सीधे हाथ पर बंधी ये घड़ी अपनी खासियत और दाम को लेकर सुर्खियों में है। दरअसल, तस्वीरों में अभिषेक राम जन्मभूमि वॉच पहने दिख रहे हैं। घड़ी का रंग केसरिया है। इसकी डिटेलिंग देखेंगे तो राम भक्तों का दिल इस पर आ सकता है। हालांकि, कीमत सुनकर कुछ का दिल भी टूट सकता है। इस घड़ी के अंदर हनुमान, राम और अयोध्या का राम मंदिर दिख रहा है। घड़ी केसरिया रंग की है। Jacob & co. की इस Epic X Ram Janmbhoomi Titanium Edition 2 Watch की कीमत ऑनलाइन 34 लाख रुपए दिखाई दे रही है।



इंट्रेस्टिंग बात है कि अभिषेक के दूसरे हाथ में भी एक घड़ी है। अमिताभ बच्चन को भी अक्सर दो घड़ियां पहने देखा जा सकता है। अभिषेक बच्चन पहले एक इंटरव्यू में बता चुके हैं कि दो घड़ियां पहने की परंपरा उनकी मां ने शुरू की थी। वह तब यूरोप के बोर्डिंग स्कूल में थे तो दो जगहों के टाइम जोन्स का पता रखने के लिए बच्चन फैमिली दो घड़ियां पहनने लगी। अब मोबाइल पर समय देखते हैं लेकिन घड़ी वाली परंपरा को आज भी कायम रखा है।

# दर्शकों को 'मीठा जहर' देकर शुरू किया सफर

**नई दिल्ली।** अपने दौर के मशहूर अभिनेता, निर्माता-निर्देशक सोहराब मोदी की 28 जनवरी को पुण्यतिथि थी। उन्होंने पारसी रंगमच में भी काम किया और बतौर अभिनेता यहां से अपनी शुरुआत की। 2 नवंबर 1897 को जन्में सोहराब मोदी का बचपन रामपुर में बीता। हिंदी सिनेमा में वे लौह पुरुष के रूप में मशहूर थे। उनकी अदाकारी ही नहीं, बल्कि आवाज भी काफी बुलंद थी।

***ट्रैवलिंग गाइड से सिनेमा के लौह पुरुष तक का सफर :*** सोहराब मोदी पारसी थे, मगर वे जिस शैली में हिंदी और उर्दू बोलते थे दर्शक-श्रोता भौंचक रह जाते थे। कहा जाता है सोहराब मोदी अपने मिजाज की फिल्में बनाना जानते थे। सोहराब मोदी सबसे पहले अपने भाई केकी मोदी के साथ ट्रैवलिंग गाइड बन गए। फिर, 26 साल की उम्र में उन्होंने आर्या सुबोध थिएट्रिकल कंपनी की शुरुआत की। रंगमंच का पर्दा गिरते ही जनता खूब तालियां बजाती, लेकिन वह नाटक मूक थे। वर्ष

## 'पुकार' पर दौड़े दर्शक, मोदी ऐसे बने सिनेमा के 'सिकंदर'

1935 में उन्होंने स्टेज फिल्म कंपनी शुरू की। इसके तहत उन्होंने 'खून का खून' और 'सईद ए हवस' शीर्षक वाली दो फिल्में बनाईं। हालांकि, दोनों ही फिल्में फ्लॉप रहीं। 1936 में उन्होंने मिनर्वा मूवीटोन फिल्म कंपनी शुरू की और पहली फिल्म बनाई 'मीठा जहर'।

***'मीठा जहर' ने दी करियर को रफ्तार :*** सोहराब मोदी की फिल्म 'मीठा जहर' दर्शकों को पसंद आई। फिर मोदी ने 'पुकार' बनाई। फिल्म की कहानी मशहूर फिल्मकार कमाल अमरोही ने लिखी और इसमें सोहराब के साथ चंद्र मोहन और नसीम बानो ने अभिनय किया। फिल्म की वास्तविकता दर्शकों को बहुत पसंद आई और फिल्म ने कमाल कर दिया। कहा जाता है कि उस दौर में सोहराब मोदी 'पुकार' का रीमेक बनाना चाहते थे और दिलीप कुमार को जहांगीर के रोल के लिए साइन करना चाहते थे, लेकिन दिलीप नहीं चाहते थे कि उनकी तुलना पुकार के अभिनेता चंद्रमोहन से हो जो इस फिल्म से रातोंरात स्टार बन गए थे।

### बनाई देश की पहली टेक्नीकलर फिल्म



इसके अलावा सोहराब मोदी ने 'पृथ्वी वल्लभ', 'शीश महल', 'झांसी की रानी', 'मिर्जा गालिब' और 'कुंदन' जैसी फिल्में बनाईं। सोहराब मोदी की फिल्म 'झांसी की रानी' (1953) देश की पहली टेक्निकलर फिल्म रही। सोहराब ने हॉलीवुड तकनीशियनों की मदद से अपनी इस रंगीन फिल्म को बनाया। उन्होंने खुद इस फिल्म में राजगुरु का किरदार निभाया। फिल्म में झांसी की रानी का किरदार सोहराब मोदी की पत्नी मेहताब ने निभाया। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही थी।

## ख्याल गायकी में ठुमरी का पुट डाला, जो सुनने वालों के कानों में घोल जाता था मिसरी

# पंडित जसराज ने की थीं नई जुगलबंदियां और रागों की रचना

*__नई दिल्ली।__ भारतीय शास्त्रीय संगीत के पुरोधाओं में शुमार प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित जसराज की मंगलवार को 95वीं जयंती थी। पंडित जसराज का सबसे बड़ा योगदान शास्त्रीय संगीत को जनता के लिए सरल और सहज बनाना रहा जिससे उसकी लोकप्रियता बढ़ी। उन्होंने ख्याल गायकी में ठुमरी का पुट डाला, जो सुनने वालों के कानों में मिसरी घोल जाता था। वह बंदिश भी अपने जसरंगी अंदाज में गाते थे।*



***हवेली संगीत को भी बनाया लोकप्रिय :*** 28 जनवरी 1930 को हरियाणा के हिसार में जन्मे मेवाती घराने के अग्रणी गायक पंडित जसराज ने शास्त्रीय संगीत के ज्ञाता होने साथ पंडित जसराज ने अर्ध शास्त्रीय शैली जैसे हवेली संगीत को भी लोकप्रिय बनाया। उन्होंने मंदिरों में भजन गाए और उनके गाए कृष्ण भजन खासकर 'ओम नमो भगवते वासुदेवाय' दुनिया भर में लोकप्रिय हुए। उन्होंने नई तरह की जुगलबंदी 'जसरंगी'भी रची और 'अबीरी तोड़ी' व 'पटदीपकी' जैसे नए रागों का निर्माण किया।



### जगजीत सिंह की गजल के रहे कायल

शास्त्रीय संगीतकार होने के बावजूद उन्हें नए दौर के संगीत से गुरेज नहीं था। वह दुनिया भर का संगीत सुनते थे और सराहते थे। जगजीत सिंह की गजल 'सरकती जाए रुख से नकाब' उनकी पसंदीदा थी और कहते हैं कि एक बार दिन भर में वह सौ बार इसे सुन गए थे। भारत, कनाडा, अमेरिका समेत दुनिया भर में संगीत सिखाने वाले पंडित जसराज खुद अपने शिष्यों से सीखने को लालायित रहते थे।

### जसराज के ऊपर ग्रह का नाम

पंडित जसराज ने आठ दशक से अधिक के अपने सुनहरे सफर में यूं तो कई सम्मान और पुरस्कार हासिल किए, लेकिन साल 2019 में इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन (**IAU**) ने अगस्त में सौरमंडल में एक छोटे ग्रह का नाम उनके नाम पर रखा। सितंबर 2019 में सौरमंडल में एक ग्रह का नाम उनके नाम पर रखा गया था। इंटरनेशनल एस्ट्रोनामिकल यूनियन :आईएयू: ने 'माइनर प्लेनेट' 2006 वीपी 32 (नंबर 300128) का नामकरण पंडित जसराज के नाम पर किया था, जिसकी खोज 11 नवंबर 2006 को की गई थी। यह सम्मान पाने वाले वह पहले भारतीय कलाकार बने। उनसे पहले सिर्फ मोजार्ट, बीथोवन और टेनर लूसियानो पावारोत्ति को यह सम्मान मिला था। उन्होंने इस बारे में कहा था, मुझे तो ईश्वर की असीम कृपा दिखती है। सूर्य की प्रदक्षिणा कर रहा है यह ग्रह। भारत और भारतीय संगीत के लिए ईश्वर का आशीर्वाद है।

## खबर संक्षेप

### नई पेंशन योजना के विरुद्ध करेंगे आंदोलन

**महम।** 5 जनवरी को शिक्षक भवन दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष बसवराज गोरीकर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में देश भर से आए प्रतिनिधियों ने अपने अपने प्रदेश की समस्याएं रखी। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि नई पेंशन योजना के विरोध में 1 फरवरी 2025 को पूरे देश के प्राथमिक शिक्षक काले दिवस के रूप में मनाएंगे। इस दिन सभी शिक्षक काली पट्टी बांध कर विद्यालयों में शिक्षण कार्य करेंगे।



### सॉफ्ट स्किल्स पर कार्यशाला का आयोजन

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में मंगलवार को प्लेसमेंट सेल द्वारा को सॉफ्ट स्किल्स और व्यक्तित्व विकास पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। 27 जनवरी को डॉ अनिता सिंह ने कैरियर डेवलपमेंट इन सॉफ्ट स्किल के विषय पर सभी बच्चों को दो सत्रों में विस्तार से बताया और इसके व्यावहारिक पहलू को भी समझाया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को नौकरी के बाजार में सफल होने के लिए आवश्यक सॉफ्ट स्किल्स और व्यक्तित्व की विशेषताओं से लैस करना था।

## बैठक में शिक्षा-दीक्षा पर्यवेक्षण की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की

# उपचारात्मक शिक्षण कार्य पर ध्यान केंद्रित होना जरूरी : दिलजीत

### जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में निपुण मिशन से संबंधित जिला इकाई की समीक्षा बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में निपुण मिशन से संबंधित जिला क्रियान्वयन इकाई की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा दीक्षा पर्यवेक्षण,26 जनवरी पर प्रस्तुत झांकी में निपुण टीम की विशेष प्रस्तुति एवं निपुण रिपोर्टर्स को सम्मान एवं सभी खंड द्वारा एक्शन प्लान प्रस्तुतीकरण रहा। बैठक में जिला निपुण समन्वयक रूपांशी हुड्डा ने दिसंबर माह में किए गए शिक्षा दीक्षा पर्यवेक्षण की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

रिपोर्ट में सभी बिंदुओं पर विशेष फोकस की आवश्यकता है। उन पर चर्चा करते हुए, सभी खंड द्वारा अपने-अपने खंड हेतु एक्शन प्लान भी साझा किया गया। डाइट फैकल्टी के द्वारा भी किए जा रहे स्कूल विजिट की रिपोर्ट साझा की गई जिसमें और बेहतरीन करने के लिए उनके सुझाव भी प्रस्तुत किए गए साथ ही संपर्क फाउंडेशन के द्वारा भी बताया गया कि उनके द्वारा उपलब्ध करवाई गई, किट में लेसन प्लान, प्रैक्टिस एक्सरसाइज है जिनका उपयोग करके अध्यापक अपने कक्ष में रिवीजन करवा सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने 10वीं और 12वीं कक्षाओं हेतु भी विशेष रूप से आवश्यकता अनुसार एक्शन प्लान बनाने के निर्देश सभी खंड अधिकारियों को दिए और यह भी कहा कि इस बार परीक्षा परिणाम बहुत ही बेहतरीन होना चाहिए।

कार्यक्रम में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य केवल संख्या आधारित नहीं होना चाहिए बल्कि गुणवत्ता पर केंद्रित होना चाहिए। सभी स्कूलों में पुस्तकालय के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए ,इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा कि रेमेडियल यानी उपचारात्मक शिक्षण पर सभी का ध्यान केंद्रित होना चाहिए ।सभी अध्यापक अपने कक्षा के विद्यार्थियों को उपचारात्मक शिक्षण उपलब्ध करवायें और विद्यार्थियों के दक्षता कौशल संबंधित बहुत ही बेहतरीन परिणाम सामने लाने की कोशिश करनी चाहिए । सभी स्कूलों में सभी कक्षा अध्यापकों के पास सभी विद्यार्थियों का निपुण का डाटा उपलब्ध होना चाहिए कितने विद्यार्थी किस दक्षता में निपुण हो गए हैं और कितने नहीं हुए हैं जो नहीं हुए हैं उनके लिए उपचारात्मक शिक्षण उपलब्ध करवाना चाहिए।

### 26 जनवरी के अवसर पर निपुण रिपोर्टर्स को किया गया सम्मानित



जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विभाग द्वारा चयनित राजकीय प्राथमिक पाठशाला जेठपुर कलानौर एवं राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय गांधीनगर के छात्र एवं अध्यापकों को निपुण रिपोर्टस हेतु प्रशंसनीय कार्य करने पर सम्मानित भी किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रदान करने एवं स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने पर विशेष फोकस करने हेतु प्रोत्साहित किया।

### इन बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई

1-शिक्षक एवं छात्र उपस्थित
2-रिमेडियल शिक्षण पर विशेष ध्यान
3-सभी स्कूलों में पुस्तकालय का उपयोग, अनिवार्य रूप से सभी बच्चों को पुस्तकों का आवंटन
4-निरीक्षण उपरांत विजिटर रजिस्टर में दर्ज किए गए फीडबैक पर सभी स्कूलों में कार्यवाही करने हेतु निर्देश
5-टैब के नियमित एवं न्याय संगत उपयोग
6-सभी क्लस्टर मुखिया, एबीआरसी, बीआरपी एवं डाइट फैकल्टी डीपीसी फैकल्टी के द्वारा स्कूलों में विजिट उपरांत विजिटर रजिस्टर में अपना फीडबैक दर्ज करने के अनिवार्य रूप से आदेश दिये।
7- दोनों जिला अधिकारियों ने गत 26 जनवरी के अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तुत झांकी में निपुण प्रदर्शनी की विशेष तौर पर सराहना की एवं जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सभी को बहुत-बहुत बधाई भी दी।



### सुभाष नगर में मनाया गणतंत्र दिवस समारोह

रोहतक। सुभाष नगर निवासियों द्वारा सामूहिक रूप से सुभाष नगर सुभाष पार्क में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस समारोह में बच्चों द्वारा मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई। आए हुए सदस्यों द्वारा देश के प्रति दिए गए बलिदानियों को, डॉ भीम राव आंबेडकर एवं नेताजी सुभाष चंद्र को याद किया गया। इस अवसर पर सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा, इंकलाब जिंदाबाद एवं वंदे मातरम गीत गाए गए। इस अवसर पर मुख्य तौर पर जतिन बत्रा, अशोक हुड़िया, सुभाष मल्होत्रा, यशपाल ढींगरा , गुलशन बहल, सुरेश सुनेजा, पूर्व पार्षद अमरनाथ अरोड़ा, अशोक दुआ, सुंदर जेटली, विजय भूटानी सुरेश भूटानी, सुरेंद्र भूटानी, हरीश चावला, सुभाष पसरिजा, सतीश तागरा, कवल पसारिजा, अशोक निजावन, सुरेंद्र वधवा, शालू बत्रा, अशोक अरोड़ा, प्रवीण चुग, राकेश, अशोक वर्मा, संजय मेहंदीरत्ता, राजेंद्र मल्होत्रा, योगी अरोड़ा, सोमनाथ हुड़िया, मुकेश टक्कर आदि मौजूद रहे।



### पठानिया स्कूल में हुई विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। स्कूल का समय-समय पर इस तरह की गतिविधियों को आयोजित करवाने का एकमात्र उद्देश्य विद्यार्थियों में कार्य-दक्षता, कुशलता को बढ़ावा देना व उनकी छिपी प्रतिभा को उजागर करके उनका बहुमुखी विकास करना है। इस प्रतियोगिता का आयोजन विज्ञान अध्यापिका सपना, सोनिका, रूचि, वंदना और रिचा नागपाल ने कोआर्डिनेटर कनिका मग्गू व प्रभा शर्मा के निर्देशन में करवाया। इनसाइड क्रिएटस टीम के प्रतियोगी समर, तेजस्वी व जीविका ने सबसे ज्यादा सही उत्तर देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और कनसेप्ट क्रू टीम के अरनव, भविन और अनन्या दूसरे स्थान पर रहे। स्कूल संचालक अंशुल पठानिया ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता हैहैं। इस मौके पर प्रधानाचार्या तनवी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा और इंवेट इंचार्ज नीतू सेठी ने बच्चों को इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### -संकट मोचन मंदिर वार्षिकोत्सव 29 जनवरी से 2 फरवरी तक मनाया जाएगा, 31 को सीएम भी होंगे शामिल



रोहतक। माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां साध्वी गायत्री जी व गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी के सानिध्य में 5 दिवसीय 24वां वार्षिकोत्सव बुधवार 29 जनवरी से रविवार 2 फरवरी तक धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। मंदिर व भगवान की प्रतिमा को आकर्षित लाइटों व फूल मालाओं से सुसज्जित किया गया। पंडित अशोक शर्मा विधिनुसार मंत्रोच्चरण से पूजा अर्चना करेंगे। इस अवसर पर हनुमान कथा, सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या, स्टेशनरी वितरण, ध्वजारोहण, कन्या पूजन, हवन, प्रवचन, मेडिसन व कैंसर जांच शिविर कैंप का कैंप, कंबल वितरण, संत महात्माओं के प्रवचन और सत्संग, भंडारा तथा धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी। गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी ने बताया कि बुधवार 29 जनवरी को प्रातः 10 बजे हवन, सुंदरकांड पाठ तत्पश्चात भंडारा होगा ।



### पंडित नेकीराम कालेज में मनाया गणतंत्र दिवस

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय रोहतक में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि प्रोफेसर यशपाल सिंह रिटायर्ड प्रिंसिपल, गवर्नमेंट कॉलेज जुलाना, गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. शमशेर अहलावत रिटायर्ड प्रिंसिपल पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय रोहतक, डॉ जगबीर सिंह राठी रिटायर्ड डायरेक्टर यूथ वेलफेयर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक, डॉ. रीनू बल्हारा साइकोलॉजिस्ट एंड एजुकेशनिस्ट का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर प्रिंसिपल डॉ लोकेश बल्हारा के द्वारा स्वागत किया गया। प्रो.यशपाल सिंह एवं प्रिंसिपल डॉ. लोकेश बल्हारा के साथ समस्त स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति में झंडा फहराया गया। इसके बाद समस्त एनसीसी, एनएसएस, वाईआरसी, शारीरिक शिक्षा आदि टीमों के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट परेड के माध्यम से तिरंगे झंडे को सलामी दी। परेड में लगभग 250 विद्यार्थी शामिल थे। तत्पश्चात अलग-अलग विभागों द्वारा ट्रैक्टर ट्राली प्रदर्शनी द्वारा झांकियां प्रस्तुत की गई ।जिसमें केमिस्ट्री (रसायन विज्ञान) वाणिज्य (कॉमर्स) कंप्यूटर ,महिला प्रकोष्ठ ,मनोविज्ञान पर्यावरण, प्लेसमेंट सेल ,शारीरिक (फिजिकल ) सांस्कृतिक गतिविधियां (म्यूजिक विभाग )आदि के द्वारा झांकियां प्रस्तुत की गई। प्रत्येक झांकी से हमें कुछ ना कुछ संदेश मिला। कंप्यूटर विभाग की झांकी द्वारा यह दिखाया गया कि किस प्रकार हम तकनीकी के युग में आगे बढ़ रहे हैं। पर्यावरण विभाग की झांकी से यह संदेश मिला के किस प्रकार हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाए और हमें कभी भी पेड़ पौधों को नहीं काटना चाहिए। शारीरिक विभाग (फिजिकल )की झांकी से भी सराहनीय संदेश प्राप्त हुआ किस प्रकार हम खेलों में आगे बढ़ सकते हैं, योग आदि के माध्यम से अपने शरीर को स्वस्थ बना सकते हैं ।

# भाजपाइयों ने आंबेडकर चौक पर जलाया केजरीवाल का पुतला

- झूठ बोलने में अव्वल दर्जे के मक्कार केजरीवाल : सुखबीर चंदेलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



रोहतक। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का पुतला फूंकते भाजपा के नेतागण व कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

भाजपा जिला इकाई ने मंगलवार को डॉ भीमराव अंबेडकर चौक पर जिला महामंत्री सुखबीर चंदेलिया के नेतृत्व में एकत्रित हो कर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का पुतला जलाया। भाजपा जिला महामंत्री सुखबीर चंदेलिया ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के हरियाणा को लेकर दिए गए झूठे बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें झूठ बोलने में अव्वल दर्जे का मक्कार बताया है। चंदेलिया ने कहा कि झूठ बोलना केजरीवाल की फितरत बन गई है, केजरीवाल जब से राजनीति में आए है सिवाय झूठ बोलने के सिवाय कोई काम नहीं किया। भाजपा जिला महामंत्री ने कहा कि केजरीवाल महिला सम्मान की बात करते हैं, लेकिन अपनी ही पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को अपने शीशमहल में बुलाकर अपने सहयोगियों से उन्हें प्रताड़ति करवाते हैं। मोहल्ला

प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने कहा कि केजरीवाल ने तो कहा था कि 2025 तक वो यमुना को साफ कर देंगे लेकिन अब जब यमुना सापु नहीं कर पाए और दिल्ली में अपनी सत्ता जाती देखकर वो बौखला गए है और हरियाणा की जनता पर झूठा दोष मढ रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हूडा, प्रदेश सह- मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक, फरीदाबाद के संगठन प्रभारी नरेंद्र वत्स, जिला महामंत्री सुखबीर चंदेलिया, जिला चुनाव प्रभारी सतेन्द्र परमार, भाजपा नेता सुरजीत जसिया, सतीश रोहिला, उषा शर्मा, अजय शर्मा, अमित बंसल, राजेन्द्र उर्फ राजू रावत, डॉ प्रेम हुड्डा, पूर्व निगम पार्षद सुरेश किराड, सरदार कुलविंद्र सिंह सिक्का आदि मौजूद रहे।



# एचडी लिटिल स्कूल में हुई जीके क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

सेक्टर-35 सनसिटी में स्थित एचडी लिटिल ब्लॉसम्स स्कूल में जीके क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा पहली से पांचवी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में चार टीमें बनाई गई। जिसमें टीम-बी (कैफ, रिहाना, अविका, सक्षम) विजेता रही और टीम-ए (पूर्व, यश, आराध्या, येदांत) उपविजेता रही। इस अवसर पर विद्यालय के डॉयरेक्टर सुरेंद्र फौगाट ने बच्चों की सराहना की। प्राचार्या जगवंती कादयान ने विजेता और उपविजेता टीम को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मंच संचालन कोआर्डिनेटर प्रगति ने किया।

### रचनात्मक-लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेन्ट में अंग्रेज़ी और हिन्दी रचनात्मक -लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें कक्षा एक से पांचवी के छात्रों ने शिरकत की। उसी समय दिए गए विषयों पर बच्चों ने सुन्दर लिखावट में प्रभावशाली तथा व्यवस्थित रचनात्मक लेख लिखे। बच्चों ने अपने तर्कपूर्ण चिन्तन, कल्पना , गंम्भीरता एवं संवेदनात्मक भावों की सुस्पष्टता एवं क्रमबद्धतायुक्त के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लिया। अंग्रेजी रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों में पीहू, आराध्या, सिद्धि , युविका , नितांशी, अन्वी आदि ने भाग लिया।

# एमडीयू में शुरू हुई दो दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



इकोलॉजिकल सस्टेनेबिलिटी समय की जरूरत है। हमें प्राकृतिक जैव-विविधता के संरक्षण के लिए सतत प्रयास करने होंगे। प्रिजर्व एण्ड कंजर्व टू सरवाइव का मंत्र देते हुए ये कहा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. एएस मान ने। प्रो. मान मंगलवार को बॉटनी विभाग द्वारा आयोजित बायोलॉजिकल इनवेजन्सः कंसर्नस एण्ड सोल्यूशन्ज दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास यदि मानव-विनाश का कारण बने तो वो विकास निरर्थक है। अतः संपोषणीय विकास को प्रोत्साहन दिए जाने की जरूरत है। प्रो. मान ने जलवायु परिवर्तन के दृष्टिगत पौधारोपण पर विशेष बल दिया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एसएस दास ने भारत के हिमालयी क्षेत्र में विदेशी आक्रमक पादप प्रजातियों के प्रभाव बारे विशेष व्याख्यान दिया। प्रो. दास ने कहा कि ये विदेशी प्रजातियां न केवल जैव विविधता को खतरा है, बल्कि खाद्यन्न फसलों को भी प्रभावित कर रही है। इन विदेशी प्रजातियों के आक्रमण से फसलों की पैदावार भी घट रही है।

### गली प्रीमियर लीग सीजन 8 का समापन

**रोहतक।** गली प्रीमियर लीग के सीजन 8 का आयोजन इस साल सम्पन्न हुआ। जिसमें कुल 47 टीमों ने भाग लिया। रोहतक के साथ-साथ दिल्ली, बहादुरगढ़, नांगलोई और अन्य शहरों से भी टीमों ने अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें झज्जर की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया।

### हरियाणा पुरुष रग्बी टीम का पहला मैच उत्तराखंड से आज

रोहतक। 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा पुरुष रग्बी टीम का सबसे पहला मैच आज मेजबान उत्तराखंड से होगा। जहां एक और उत्तराखंड अपने गृह ग्राउंड पर मौजूदा चैंपियन हरियाणा को चैलेंज करेगा वहीं 3 बार से लगातार चैंपियन टीम अपना खिताब बरकरार रखने को पूरे हौसले से मैदान में उतरेगी। हरियाणा टीम का चयन 15 जनवरी 2025 को गुरुग्राम में भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन ने हरियाणा ओलिंपिक संघ के पर्यवेक्षक की मौजूदगी में किया था।

### अदालती इश्तहार

**बा अदालत जनाब सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, महम।**

इस अदालती इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुक्दमा अनिल बनाम गुडडी बाबत खेवट तकसीम करवाने बाका मौजा भैणी सुरजन, तहसील महम जिला रोहतक इस न्यायालय में लंबित है। प्रतिवादी 1. प्रदीप पुत्र श्री कुलदीप, 2. कोमल पत्नी अमित, 3. सतीश पुत्र भान सिंह, 4. लक्ष्मी देवी पत्नी श्री मोनु, 5. श्रीमति केला देवी पत्नी श्री भीम सिंह, 6. सुनीता पत्नी श्री जगदीश, 7. रेनू कुमारी पत्नी श्री सुल्तान, 8. श्रीमति रोशनी देवी पत्नी जयभगवान, 9. आशु पत्नी सुमित, 10. सुनीता पत्नी अशोक निवासीगण भैणी सुरजन पाना मातो तहसील महम जिला रोहतक को बजरीये समन तलब किया जा चुका है। परंतु प्रतिवादी हाजिर अदालत नहीं आ रहा है। न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि प्रतिवादी की तलबी साधारण तरीके से नहीं हो पाई है। इसलिए प्रतिवादी की तलबी बजरीये अखबार इश्तहार की जानी उचित है। अतः इस नोटिस द्वारा प्रतिवादी व आम जनता को सूचित किया जाता है कि वाद ग्रस्त भूमि में हितबद्ध प्रतिवादी या अन्य कोई व्यक्ति दिनांक-07.02.2025 को इस न्यायालय में स्वयं या अपने वकील के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रख सकता है। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

अतः 28.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय से जारी किया गया है।

हस्ता/-सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, महम।

## डीजीवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने मनाया 28वां वार्षिक खेल-उत्सव

# छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक




डीजीवी सी से. स्कूल में 28वां वार्षिक खेल उत्सव स्कूल के खेल के मैदान में आयोजित हुआ। सर्वप्रथम गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर विशेष अतिथि ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उपस्थित जनसमूह ने विद्यार्थियों, शिक्षकों ,समस्त कर्मचारियों व विद्यालय प्रशासकों के साथ राष्ट्रीय गान का सस्वर समवेत गायन किया और प्रांगण देशभक्ति की भावना के संचरन से अभिभूत हो गया। तदुपरांत विद्यालय के चारों सदनों के खिलाड़ियों ने खेल दिवस की विशेष मशाल के साथ मार्च पास्ट किया। विद्यालय के निदेशक ग्रेटल शर्मा ने इस मशाल को स्तंभ पर स्थापित किया। सभी खिलाड़ियों ने शपथ ग्रहण की और निदेशक ने खेल दिवस को प्रारंभ करने की घोषणा की। मार्च पास्ट के बाद, चार अलग-अलग सदनों के छात्रों हेतु 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ व विभिन्न प्रकार की हर्डल रेस व रिले रेस आदि दौड़ों का भी आयोजन किया गया। जिसमें ना सिर्फ बच्चों ने बल्कि अभिभावकों व पूर्व छात्रों ने भी बढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने विद्यालय के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों उन्नति हुड्डा (बैडमिंटन), पलक अरोड़ा (बैडमिंटन), हेज़ल (शूटिंग) व राष्ट्रीय खिलाड़ियों भक्ति शर्मा (टैनिस), इशान अत्री (चैस) व जयवर्धन हुड्डा (बैडमिंटन) को सम्मानित किया। इनके अतिरिक्त आदित्य, हेमंत, नितेश, पार्थ, यथेष्ट और सागर सचदेवा, जो क्रिकेट के राज्यस्तरीय खिलाड़ी हैं, को भी सम्मानित किया गया।

अंत में प्राचार्या डॉ. सविता शर्मा ने सभी को उनकी उपस्थिति और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और छात्रों को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि खेल बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। विद्यार्थी जीवन में ही समस्त जीवन के लिए व्यक्तित्व निर्धारित होता है। और इसी दौरान खेल प्रतियोगिताओं में बच्चा ना सिर्फ खेलता है बल्कि अनेक प्रकार की भागीदारी व सहयोग भी सीखता है। यही सीख उसे जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए सशक्त बनाती है। गणतंत्र दिवस की खुशी में विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गीतों व नृत्य पर आधारित विभिन्न विधाओं से भव्य प्रस्तुतियां दीं और उपस्थित दर्शकों को ना सिर्फ मोहित किया अपितु देश-प्रेम की भावनाओं से भी अभिभूत किया।

### स्कूल के पूर्व छात्रों को किया सममानित

इस दौरान स्कूल के पूर्व छात्रों को भी बुलाया गया और उन्हें सम्मानित किया गया जो कि देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी उच्च पदों पर आसीन हैं। उपस्थित अभिभावकों ने भी अपने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। स्कूल निदेशक श्रीमान ग्रेटर शर्मा ने खेलदिवस में जीतने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिये। ज्ञात रहे इस विद्यालय ने देश के लिए व्यावसायिक और खेलजगत में बेहतरीन विद्यार्थियों को तैयार किया है। तीस वर्षों के इतिहास में अठारह अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी देश व विद्यालय का गौरव हैं। आज के दिन भी विद्यार्थियों ने समाज को संदेश दिया मिलकर आगे बढ़ने में ही प्रगतिशीलता है। मिल-जुल कर आगे बढ़ने से ही सब की तरक्की सुनिश्चित होती है। खुश किस्मत हैं हम कि परमात्मा ने हमें स्वतंत्र भारत में जन्म दिया। हमें अपनी स्वतंत्रता पर आभार के साथ गर्व होना चाहिए।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra TRUST BUILDER'S
नि:संतान दम्पतियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पतियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सैक्टर 14, हिसार
मो. 8571024131, 8708655938
प्यार मोहब्बत, किया/कराया, जादु-टोना, गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन कारोबार में बरकत ना होना, पशुधन बर्बाद होना, धन की बर्बादी, पढाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो, जड़ से होगी खत्म
जब कभी भी ना बना हो काम
तो होगा गारन्टिड समाधान
पं. तुषार शर्मा
गोल्ड मेडलिस्ट
हर रोज मिलें
सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक

## खबर संक्षेप



### मॉडल स्कूल के बच्चे प्रदर्शनी देखने पहुंचे

**रोहतक।** आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल की छात्राएं राजकीय महिला महाविद्यालय में मंगलवार को रिटायर्ड प्रिंसिपल प्रो.बलजीत सिंह की पेंटिंग प्रदर्शनी देखने पहुंचे। इससे पूर्व राजकीय सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल ब्वायज तथा राजकीय सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल गर्ल्स की छात्राएं भी इस प्रदर्शनी को देख चुकी है।
स्कूल प्राचार्य अरुणा तनेजा ने इस पेंटिंग प्रदर्शनी की खूब तारीफ की कहा कि छात्राओं के लिए यह प्रदर्शनी बहुत ही लाभकारी व ज्ञानवर्धक है। बलजीत सिंह ने बताया कि इस प्रदर्शनी का समापन 04 फ़रवरी 25 को किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि प्रख्यात चित्रकार रविंद्र शर्मा, वाइस चेयरमैन चंडीगढ़ ललित कला अकादमी होंगे। समापन के मौके पर रविन्द्र शर्मा द्वारा कोलाज पेंटिंग पर व्याख्यान तथा वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया है। शर्मा का कोलाज पेंटिंग के भारत के प्रख्यात चित्रकार माने जाते हैं।

### शहीद नायक जोगिंद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण



**महम।** मंगलवार को खरकड़ा गांव में शहीद जोगिंद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा अनावरण समारोह में चौबीसी अठगामा पंचायत के संयोजक शमशेर खरकड़ा और जिला सैनिक बोर्ड रोहतक के अधिकारी पहुंचे। सेना अधिकारियों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित किया। इस समारोह में खरकड़ा गांव के काफी संख्या में लोग पहुंचे। शमशेर खरकड़ा ने प्रतिमा अनावरण की रस्म के बाद शहीद जोगिंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी बरसी पर उन्हें नमन किया। खरकड़ा ने कहा कि सैनिकों की वजह से हम चैन की नींद सो पा रहे हैं। शहीद जोगिंद्र सिंह की शहादत पर पूरे गांव को गर्व है।

# यूनिफाइड पेंशन स्कीम अस्वीकार्य, ओपीएस बहाल करे केन्द्र सरकार : पीबीएसएस

## अगले सप्ताह कुरुक्षेत्र में बुलाई जाएगी संघर्ष समिति की राज्य स्तरीय बैठक

▶▶ यूपीएस में कर्मचारी शेयर की वापसी का कोई प्रावधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पेंशन बहाली संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष अनिल स्वामी, जिला महासचिव संजय सिंहमार, जिला कोषाध्यक्ष रविकान्त धानक, उप प्रधान मंजू राणा, संजय राठी, ललित कुमार ने कहा कि जैसा कि पूर्वानुमान था यूनिफाइड पेंशन स्कीम में अंतिम वेतन की 50 प्रतिशत की गारंटी के झांसा देकर अंदर बहुत सारी छीपी हुई शर्तें लगाई गई हैं जिसके कारण किसी भी कर्मचारी को आर्थिक सुरक्षा नहीं मिल पायेगी। यूपीएस में कर्मचारियों के कॉन्ट्रिब्यूशन को वापिस नहीं किया जाएगा। कर्मचारियों द्वारा यूपीएस के पूरे फंड को पेंशन के लिए लगाना अनिवार्य होगा। धारीवाल ने बताया कि यूपीएस में 25 साल से कम सर्विस पर वीआरएस का प्रावधान नहीं होगा, पहले नौकरी छोड़ने पर कर्मचारी को पूरी पेंशन नहीं मिलेगी, इसके इलावा वहां 25 साल की सेवा के दौरान यूपीएस में जमा कॉर्पस से जरूरत पड़ने पर कोई निकासी नहीं कर सकेगा।

रिटायरमेंट पर केवल दस साल की सेवा की एवज में दो अंतिम वेतन, पंद्रह साल के सेवाकाल वाले को तीन अंतिम वेतन, बीस साल की सेवाकाल वाले को चार अंतिम वेतन, पच्चीस साल की सेवाकाल वाले को पांच अंतिम वेतन और तीस साल की सेवाकाल वाले को छह अंतिम वेतन के बराबर की राशि मिलेगी। पच्चीस साल की सेवा पूरी करने के बाद ही 12 अंतिम बेसिक वेतन की औसत का पचास फीसदी पेंशन के रूप में पाने का हकदार होगा अन्यथा कम सेवाकाल होने पर अनुपातिक कम पेंशन होगी और दस साल से कम सेवाकाल पर कोई यूपीएस पेंशन का हकदार नहीं होगा। यूपीएस के तहत यदि पेंशन दस हजार से कम होगी तो न्यूनतम दस हजार पेंशन जरूर होगी।



प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण देशवाल, जिला सलाहकार डॉ अजय कादियान, संजीव भारद्वाज ने कहा कि यूपीएस किसी भी तरह से ओपीएस का विकल्प नहीं हो सकती। उन्होंने कहा यूपीएस कर्मचारियों की बेहतरी के लिए नहीं बल्कि इसलिए लाई गई है कि आने वाले समय में एनपीएस वालों की बड़ी संख्या में रिटायरमेंट शुरू होगी और पैसा शेयर बाजार से निकलना शुरू होगा जो अब तक केवल जमा हो रहा था। शेयर बाजार से एनपीएस का पैसा वापिस न निकले, उसे रोकने के लिए नई योजना यूपीएस लाई गई है। केंद्र सरकार को चाहिए कि कर्मचारी हित्त को देखते हुए यूपीएस जैसी आधी अधूरी योजना लाने की बजाए पूर्ण रूप से ओपीएस बहाली की घोषणा करे।

### केंद सरकार से की मांग

लाखनमाजरा ब्लाक अध्यक्ष रोशनलाल, कलानौर ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण मेहरा, महम ब्लाक संयोजक महेश वर्मा व ब्लाक अध्यक्ष युद्धवीर, सांपला ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र आर्य ने कहा कि अगले सप्ताह पेंशन बहाली संघर्ष समिति की राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग कुरुक्षेत्र में बुलाई जाएगी। जिसमें सभी विभागों के कर्मचारियों से यूनिफाइड पेंशन स्कीम पर मूल्यांकन करते हुए राज्य सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार से ओपीएस बहाली की मांग की जाएगी। इस अवसर पर सुमन शर्मा, अनीता देवी, संदीप मलिक, नरेंद्र मदवि, मदनलाल, सुशील शर्मा सहित जिला व ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

## उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जारी किए निर्देश, नहीं मानने पर होगी कार्रवाई

# विभागों के अध्यक्षों को समाधान शिविर में मौजूद रहने के आदेश

*उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त नवदीप सिंह के साथ सुनीं नागरिकों की समस्याएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी किए हैं कि वह समाधान शिविर में स्वयं उपस्थित हों ताकि मौके पर शिकायतों के संबंध में निर्णय लेकर शिकायतों का निपटारा किया जा सके। समाधान शिविर से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। धीरेंद्र खड़गटा मंगलवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस के कमरा संख्या 103 में उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त नवदीप सिंह के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने नगर निगम के संयुक्त आयुक्त को भी निर्देश दिए हैं कि वे समाधान शिविर में उपस्थित रहे ताकि निगम से संबंधित शिकायतों का मौके पर निपटारा हो सके।

उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों का मौके पर निपटारा करना होता है, परंतु विभागाध्यक्षों की अनुपस्थिति के कारण शिकायतों का तुरंत निपटारा नहीं हो पा रहा है। सभी विभागाध्यक्ष समाधान शिविर में स्वयं भाग लेना सुनिश्चित करें ताकि लोगों की शिकायतों का मौके पर निपटारा किया जा सके। वह वक्फ बोर्ड की भूमि पीरबोधी से अनाधिकृत कब्जा हटवाएं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह शहर में मुख्य सड़कों पर लगाई गई ग्रिल को आगामी 31 मार्च तक दुरुस्त करवाएं तथा दिल्ली बाईपास पर जेएलएन एवं बीएसबी कैनाल पर निर्माणाधीन पुल के कार्य को भी मार्च माह के दौरान पूर्ण करवाएं। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कलानौर सब ब्रांच की मरम्मत करवाने तथा जिला जल योजना तैयार करने के निर्देश दिए। सभी लाइसेंसी कॉलोनियों में एसटीपी लगाना अनिवार्य है। उन्होंने आर्य नगर में सीवर से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कहा कि सीवर मेनटेंनस का टेंडर दें ताकि बार-बार सीवर जाम होने की समस्या न हो।



**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा।

### दिव्यांग को एक घंटे में उपलब्ध करवाई व्हील चेयर

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा से गांव खेड़ी साध निवासी दिव्यांग सुमन ने समाधान शिविर में व्हील चेयर दिलाने की गुहार लगाई, जिस पर डीसी ने रेडक्रॉस के माध्यम से एक घंटे के अंदर ही उनके घर पर व्हील चेयर उपलब्ध कराई। व्हील चेयर मिलते ही दिव्यांग सुमन ने डीसी और रेडक्रॉस का आभार जताया।

### रैनकपुरा में जल्द बनेगा बूस्टर

उपायुक्त ने आदेश दिए कि अधिकारी रैनकपुरा में बूस्टर का निर्माण भी करवाएं। उन्होंने बखेता गांव में गली निर्माण के दृष्टिगत पेयजल पाइप लाइन डालने बारे भी अधिकारियों को निर्देश दिए। स्थानीय शिवा कॉलोनी वार्ड नंबर 2 तथा गांव गद्दी खेड़ी में भी पेयजल समस्या का हल किया जाए। उपायुक्त ने बताया कि वह विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। 3 फरवरी को नगर निगम के कार्यों व योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने नगर निगम के संयुक्त आयुक्त नवदीप सिंह से कहा कि वह 3 फरवरी को नगर निगम में समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें भी सुनेंगे।

### यह रहे मौजूद

समाधान शिविर में उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त नवदीप सिंह, उप सिविल सर्जन डॉ. दिनेश गर्ग, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अरूण कुमार, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रामेंद्र मलिक व गगन पांडे, पंचायतीराज विभाग के कार्यकारी अभियंता गजेंद्र सिंह, जिला नगर योजनाकार सुमनदीप, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, जिला बाल कल्याण अधिकारी सोमदत्त खुंडिया, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश मौजूद रहे।



### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की छात्रा एकता शर्मा को मिला सर्वश्रेष्ठ पत्रकार का सम्मान

**रोहतक।** नेशनल एनवायर्नमेंट यूथ पार्लियामेंट 2025 का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन राजस्थान विधानसभा, जयपुर में 24 -25 जनवरी को हुआ, जिसमें देश के 3500 आवेदनों में से 220 छात्रों का चयन हुआ। इस राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद का विकासार्थ विद्यार्थी ने आयोजन कर युवाओं को बोलने का मौका दिया। इसमें युवाओं की तैयारी किसी मंत्री से कहीं अधिक अच्छी थी। कुछ युवाओं ने तो सारी सरकारों, पार्टियों के राजनीतिक प्रदूषण को ही उखाड़ कर रख दिया। कुछ ने कहा कि यह भारत हमारा वट वृक्ष है। इस पेड़ पर जब जब गलत नीतियों पर्यावरण विरोधी कुल्हाड़ी चलेगी तो हर विपक्षी अमृता देवी बिश्नोई जैसे वीर नर नारी बन कर भारत रूपी वट वृक्ष से लिपट कर अपनी कुर्बानी को तैयार रहेंगे। जे सी बॉस यूनिवर्सिटी के छात्र साहिल कौशिक ने कहा- जब तक जेब गर्म करना नहीं छोड़ेंगे, प्रदूषण से यह देश और धरती गर्म होती रहेगी। इस राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद में देश भर की 200 से अधिक यूनिवर्सिटी के युवाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। विकासार्थ विद्यार्थी गतिविधि की हरियाणा प्रदेश के संयोजक सचिन सनसनवाल ने बताया कि राष्ट्र मंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के सचिव व कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा द्वारा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की छात्रा एकता शर्मा को सर्वश्रेष्ठ पत्रकार का पुरस्कार प्रदान किया गया। और उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा के लिये प्रत्येक व्यक्ति को अपना दायित्व समझना होगा और सजग रहकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का वहन करना होगा।



### एमडीयू में शुरू हुई दो दिवसीय बेसबॉल प्रतियोगिता

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में मंगलवार से बेसबॉल प्रतियोगिता शुरू हुई। पहले दिन दो मुकाबले खेले गए। पहला मैच अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ और गौड़ कॉलेज कॉलेज रोहतक के बीच हुआ। इसमें गौड़ 6-5 के अंतर से जीता। दूसरे मुकाबले में जाट कॉलेज रोहतक ने यूटीडी-एमडीयू को 3-1 के अंतराल से हराया। स्पर्धा का शुभारंभ खेल निदेशक प्रो. आरपी गर्ग ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर निर्णायक की भूमिका में डॉ. मनीष हुड्डा, डॉ. प्रदीप,नरेंद्र, नवीन और हिमांशु रहे।

### योग खिलाड़ी अभिनव और पारिशा को किया सम्मानित



**रोहतक।** राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान जिले की दो योग खिलाड़ियों पारिशा और अभिनव को जिला प्रशासन व समारोह के मुख्य अतिथि कृष्ण लाल पंवार, कैबिनेट मंत्री, हरियाणा सरकार (विकास एवं पंचायत, खनन तथा भूविज्ञान विभाग) द्वारा सम्मानित किया गया। योग एक्सपर्ट व अंतरराष्ट्रीय योग खिलाड़ी डॉक्टर जनक राज ने बताया कि इन दोनों योग खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल और ऑल इंडिया योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में अभिनव ने गोल्ड मेडल और पारिशा ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर रोहतक ही नहीं बल्कि हरियाणा प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया था, इसीलिए जिला प्रशासन द्वारा योग खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।



### श्री हरिहर धाम ट्रस्ट ने जय मां गायत्री रुपया चौक झज्जर बाईपास पर करवाया हवन

**रोहतक।** श्री हरिहर धाम ट्रस्ट द्वारा जय मां गायत्री रुपया चौक झज्जर बाईपास पर हवन किया गया। इस अवसर पर पंडित घनश्याम दास पत्नी सुशीला देवी मुख्य यजमान रहे। पंडित हरिओम वशिष्ठ ने बताया कि गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के माध्यम से सदस्य रविवार को हवन करते हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर भगवान परशुराम सेवा संघ के प्रधान ओमप्रकाश की अध्यक्षता में देश प्रेम और देश भक्ति से उत्प्रोत प्रवचन व गीत प्रस्तुत किए गए। जाखोदा से आए हुए बच्चों ने देश भक्ति के गीतों पर प्रस्तुति दी। जयपुर से आए हुए निर्मल शर्मा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने सभी बच्चों को प्रोत्साहन राशि व आशीर्वाद दिया। इस दौरान पंडित सुनील वशिष्ठ, रामबीर पहलवान थांबू, भगवान दास शर्मा, रेनू दलाल, अनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करें : कुलपति

■ बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में स्वच्छ भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में नगर निगम रोहतक के साथ एक विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के महत्व को समझाना और सामूहिक प्रयासों से परिसर एवं शहर को साफ-सुथरा बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना था।कार्यक्रम के दौरान नगर निगम और यूनिवर्सिटी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत नगर निगम ने यूनिवर्सिटी को कूड़ा उठाने के लिए एक विशेष वाहन और हरे-नीले रंग के डस्टबिन प्रदान करने की घोषणा की। यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण के बढ़ते खतरों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि यदि हम अब भी नहीं जागे, तो मानव जीवन मुश्किल हो जाएगा। विदेशों में सफाई को लेकर गंभीरता देखी जाती है, जबकि हमारे देश में यह आदत अभी विकसित होनी बाकी है। हमें अपनी सोच और आदतों को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि यदि हम स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और दूसरों को इसके प्रति प्रेरित करें, तो यह धरती न केवल सुंदर बनेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीने लायक भी रहेगी। यह हमारा नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है कि हम पर्यावरण को बचाने और समाज को स्वच्छ बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएं।



**रोहतक।** स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में संबोधित करते कुलपति डॉ. एच.एल. वर्मा।

### कुलसचिव ने अधिकारियों को किया आश्वस्त

कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने नगर निगम के अधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी इस अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। हमारा विश्वविद्यालय प्रांगण स्वच्छता का आदर्श उदाहरण बनेगा। हमारी कर्मठ टीम और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास इसे संभव बनाएंगे। नगर निगम रोहतक सलाहकार स्वच्छ भारत अभियान अरविन भाटिया ने गंदगी और प्रदूषण के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कूड़े और प्लास्टिक कचरे के कारण पशुओं की मौत हो रही है, नदियां दूषित हो रही हैं और ग्लोबल वॉर्मिंग जैसे गंभीर खतरे पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें कूड़े को चार अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर डस्टबिन में डालने की आदत विकसित करनी चाहिए।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400

मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**कार्यक्रम** पांडिचेरी यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति ने सात दिवसीय शोध प्रविधि कार्यशाला में किया संबोधित

# शोध कार्य में तकनीक का समावेश करें : डॉ. गुरमीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अनुसंधान में नवीनतम तकनीक ने शोध प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, सटीक और सरल बना दिया है। बेहतर शोध कार्य के लिए शोधार्थी वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं, निरंतर अध्ययन करें और शोध कार्य में तकनीक का समावेश करें। यह कहा है प्रतिष्ठित शिक्षाविद पांडिचेरी यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. गुरमीत सिंह ने। वे मंगलवार को एमडीयू के स्वराज सदन में फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज एंड फैकल्टी ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज के द्वारा चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय शोध प्रविधि कार्यशाला का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने शोधार्थियों को निरंतर अध्ययन करने और समय प्रबंधन की महत्ता से भी अवगत करवाया। प्रो. गुरमीत सिंह ने कहा कि उत्कृष्ट एवं समाजोपयोगी शोध के लिए इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने रिसोर्सेज की शेयरिंग पर बल देने की बात कही और इस दिशा में विश्वविद्यालयों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की खूबियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने इस कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताते हुए इसके आयोजन के लिए एमडीयू को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज के डीन एवं इस कार्यशाला के कंवीनर प्रो. एस.सी. मलिक ने शोध प्रविधि कार्यशाला की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य शोधार्थियों को शोध के विभिन्न चरणों, तकनीकों और पहलुओं के बारे में गहन जानकारी प्रदान करता है। चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट के निदेशक एवं कार्यशाला निदेशक प्रो. संदीप मलिक प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया। केमिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यशाला समन्वयक प्रो. देवेंद्र सिंह ने आभार जताया। प्राध्यापिका डॉ. कोमल जाखड़ ने मंच संचालन किया।




**रोहतक।** कार्यशाला को सम्बोधित करते शिक्षाविद पांडिचेरी यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. गुरमीत सिंह।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गणित विभाग के अध्यक्ष प्रो. दलीप सिंह, कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभाग की अध्यक्षा डॉ. प्रीति गुलिया, फोरेंसिक साइंस विभाग की अध्यक्षा डॉ. नीलकमल, फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज के विभागों के प्राध्यापक- डॉ. प्रीति बूरा, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. हरिओम, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. अंजू पंवार, डॉ. अमरिंदर कौर समेत अन्य शिक्षकगण, पीआरओ पंकज नैन, प्रतिभागी शोधार्थी उपस्थित रहे।